राजस्थान सरकार

न्यायालय तहसीलदार कुचामन सिटी जिला नागौर –राज0

पीठासीन अधिकारी : भीमसिंह लखावत, तहसीलदार

मिसल संख्या : 04 / 17

किस्म मुकदमा : राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91

तारीख दर्ज : 26.07.2017 निर्णय दिनांक : 04.09.2017

राजस्थान सरकार बनाम प्रभूराम पुत्र गोपीराम जाति जाट नि0 मांगलोदी

–: उनवान :–

पत्रावली आज पेश हुई अप्रार्थी अनु. प्रकरण संक्षेप इस प्रकार है कि पटवारी हल्का सरगौठ द्वारा इस न्यायालय में प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रभूराम पुत्र गोपीराम जाति जाट निवासी मांगलोदी नें ग्राम मांगलोदी के खसरा नम्बर 133 कुल रकबा 0.2440 हैक्टेयर में से रकबा 0.12 हैक्टर किस्म गै.मु. रास्ता भूमि पर सम्वत 2074 में कच्ची मेडबंदी कर अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण कर लिया है। पटवारी हल्का की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर अतिक्रमी को भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 91 तहत सुनवाई हेतु नोटीस जारी किये किया गया। नोटिस की प्रति अतिक्रमी स्वय ने प्राप्त कि। गैर सायल उपस्थित हुआ तथा जवाब पेश कर अतिक्रमण नही होना बताया गया।

गैर सायल द्वारा प्रस्तुत जवाब के साथ ऐसा कोई दस्तावेज साक्ष्य प्रस्तुत नही किया है कि जिससे प्रार्थना –पत्र मे उल्लेखित तथ्यो की पुष्टि हो सके एवं न ही विधिक साक्ष्य सबूत प्रस्तुत किया है । पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजो से स्पष्ट है कि गैर सायल ने जानबूझकर राजकीय भूमि पर अतिक्रमण किया है । एवं आदिनांक तक अवैध कब्जा हटाने में विफल रहा है।

गैर सायल को प्रश्नगत भूमि पर अतिक्रमी घोषित किया जाता है तथा ग्राम मांगलोदी के आराजी राज खसरा नम्बर 133 कुल रकबा 0.2440 हैक्टेयर गै.मु. रास्ता भूमि में से रकबा 0.12 हैक्टेयर भूमि पर से वेदखल कर भूमि को कब्जा सरकार लेने तथा बतौर अर्थदण्ड स्वरूप गैर सायल पर

लगान 0.72 का पच्चास गुणा रो राशि 36/– अक्षरे छतीस रुपये जुर्माना आरोपित किया जाता है। पटवारी हल्का को वसूली हेतु तथा भू. अ. निरीक्षक को गैर सायल को मौके से बेदखल कर भूमि कब्जा सरकार ले कर पालना रिपोर्ट पेश करने हेतु लिखा जावे । आरोपित शास्ति की मांग कायमी तहसील राजस्व लेखाकार एवं पटवारी हल्का को करवाई जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दफ्तर दाखिल हो।

निर्णय आज दिनांक 04.09.2017 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी कर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(भीमसिंह शेखावत)
तहसीलदार कुचामन सिटी
जिला नागौर –राज0

मॉंग ... रा.ले.स.-4
कि. पृष्ठ ... 12
वर्ष 2017-18
रा... 36
... —
... —
प्रा.पंद ... —

तहसील कुचामन सिटी